>

Title: Requests the Central Government to allocate funds to the State Government of Punjab to protect the crops from Ghaggar River in Patiala district.

प्रो. प्रेम सिंह चन्दूमाजरा (पटियाला) : सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से अपने निर्वाचन क्षेत्र के एक बहुत ही महत्वपूर्ण विषय की ओर सरकार का ध्यान दिलाना चाहता हूं। मेरे निर्वाचन क्षेत्र में घघर नदी बहती है, जो हिमाचल प्रदेश की पहाड़ियों से बहकर आती है। इस नदी के कारण हर वर्ष फसलों को बहुत नुकसान होता है। इस संबंध में पंजाब सरकार की ओर से पटियाला डिसट्रिक्ट के लिए बजट बनाकर केन्द्रीय सरकार के पास भेजा है, लेकिन केन्द्रीय सरकार ने अभी तक कोई राशि राज्य सरकार को नहीं भेजी है। मैं आपके माध्यम से चाहता हूं कि केन्द्रीय सरकार संबंधित राशि राज्य सरकार को भेजे, जिससे जो हर वर्ष नुकसान होता है, उसको बचाया जा सके और वहां के लोगों को राहत मिले।